लोकसभा निवडणुकीसाठी चार टप्प्यातील मतदान झाले असून, आगामी मतदानासाठी सर्व नेत्यांचा जोरदार प्रचार सुरू आहे. काँग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे यांनी आज रायबरेली लोकसभा मतदारसंघात काँग्रेसचे उमेदवार राहुल गांधी यांच्या समर्थनार्थ सभा घेतली. यावेळी त्यांनी पंतप्रधान नरेंद्र मोदींवर जोरदार टीका केली. ज्या सत्तेला सोनिया गांधी यांनी नाकारले, त्या सत्तेकडे पंतप्रधान नरेंद्र मोदी डोळे लावून बसले आहेत, असे खर्गे म्हणाले. पुन्हा सत्तेत आल्यास मोदी आणि शहा देशाचं वाटोळं करतील, अशी कठोर टीका खर्गे यांनी केली.

खर्गेपुढे म्हणतात, आज देशभात अनक भुकेल्यांना जेवण मिळत नाही, जेवणाची काही व्यवस्था करावी. अनेक तरुणांना नोकरी मिळत नाही, नोकरीची काही व्यवस्था करावी. पण, मोदींचे या मुद्द्यांकडे नाही, तर फक्त सत्तेवर लक्ष आहे. 2004 मध्ये अटलबिहारी वाजपेयींच्या नेतृत्वाखाली भाजपचा पराभव झाला, तेव्हा सोनिया गांधींनी आपल्या मित्रपक्षांच्या इच्छेविरुद्ध पंतप्रधान होण्यास नकार दिला आणि काँग्रेसच्या वतीने मनमोहन सिंग यांचे नाव पुढे केले. ज्या सत्तेला सोनिया गांधींनी नाकारले, त्यावर मोदींचा डोळा आहे, अशी टीका खर्गेंनी केली.

ही निवडणूक अत्यंत महत्त्वाची निवडणूक आहे, देशाचे भविष्य घडवणारी निवडणूक आहे. देशातील दलित, मागासलेले, आदिवासी, गरीब, शेतकरी यांना वाचवण्याची ही निवडणूक आहे. यात जर काही चूक झाली तर या देशात मनु जन्माला येईल आणि मनुस्मृतीची राजवट चालेल आणि संविधानाची राजवट संपेल.मोदी आणि भाजपला परत आणण्याचा प्रयत्न म्हणजे दलित, मागासवर्गीय, आदिवासी, गरीब आणि शेतकरी यांचा विश्वासघात आहे, असे ते म्हणाले.

मी माझा मुलगा तुम्हाला सोपवते!

राहुल अन्यायाविरुद्धची लढाई लढेल आणि जिंकेलही

सोनिया गांधींचे जनतेला भावनिक आवाहन

वृत्तसंस्था
■ रायबरेली

आज माझ्याकडे जे काही आहे ते तुम्ही दिले आहे आणि आज मी माझा मुलगा राहुल गांधी तुम्हाला सोपवत आहे, असं काँग्रेसच्या माजी अध्यक्षा आणि खासदार सोनिया गांधी म्हणाल्या आहेत. आज रायबरेली येथे इंडिया आघाडीची सभा पार पडली. या सभेत सोनिया गांधी राहुल गांधी यांचा प्रचार करताना भाविक झाल्याचं पाहायला मिळालं. याचवेळी त्या असं म्हणाल्या आहेत.

त्या म्हणाल्या की, अमेठी-रायबरेलीशी आमचे नाते शेतकरी आंदोलनाच्या काळापासून सुरू झालं आणि आता मी माझा राहुल तुम्हाला सोपवत आहे. यावेळी सोनिया गांधी यांचा भाषण सुरु असताना त्यांच्यासोबत राहुल गांधी आणि प्रिया गांधी हे देखील व्यासपीठावर उपस्थित होते.

यावेळी बोलताना सोनिया गांधी म्हणाल्या की, ''तुमच्या (रायबरेली येथील नागरिकांनी) प्रेमाने मला कधीच एकटे वाटू दिले नाही. आमच्या कुटुंबाच्या आठवणी रायबरेलीशी जोडलेल्या आहेत. आज खूप दिवसांनी मला तुमच्यामध्ये येण्याची संधी मिळाली, याचा मला आनंद आहे. मी मनापासून तुमची ऋणी आहे.''

सोनिया गांधी म्हणाल्या, ''तुम्ही मला 20 वर्षे खासदार म्हणून काम करण्याची संधी दिली आहे. ही माझ्या आयुष्यातील सर्वात मोठी संपत्ती आहे. रायबरेली हे माझे कुटुंब आहे, त्याचप्रमाणे अमेठीही माझे घर आहे. या जागेशी माझ्या आयुष्यातील गोड आठवणीच जोडलेल्या नाहीत, तर गेल्या 100 वर्षांपासून आमच्या कुटुंबाची मुळे या मातीशी जोडलेली आहेत. राहुल गांधी तुम्हाअवध आणि रायबरेलीच्या शेतकरी आंदोलनापासून गंगेसारखे पवित्र असलेले हे नाते आजतागायत तसेच असल्याचं त्या म्हणाल्या. सोनिया गांधी पुढे म्हणाल्या की, मी राहुल गांधी आणि प्रियंका गांधी यांना तेच शिक्षण दिले आहे

केजरीवाल जातील तिथे दारू घोटाळ्याची आठवण काढू

10 वर्षांपासून बहुमत आहे, पण आम्ही संविधान बदलले नाही

वृत्तसंस्था
■ नवी दिल्ली

लोकसभा निवडणुकीपूर्वी गृहमंत्री अमित शहा यांनी मद्य धोरण प्रकरणावरून दिल्लीचे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यांच्यावर निशाणा साधला आहे. केजरीवाल जेव्हा जेव्हा प्रचाराला जातात तेव्हा लोकांना दारू घोटाळा आठवतो, असे त्यांनी म्हटले आहे. अनेकांना मोठी बाटली दिसेल.

संविधान बदलण्याबाबत विरोधकांच्या वक्तव्यावर अमित शहा वृत्तसंस्था एएनआयला दिलेल्या मुलाखतीत म्हणाले, आमच्याकडे 10 वर्षांपासून संविधान बदलण्यासाठी बहुमत आहे. आम्हाला 400 जागांची गरज आहे कारण आम्हाला देशातील राजकारणात स्थैर्य आणायचे आहे आणि देशाच्या सीमा सुरक्षित ठेवायच्या आहेत.

10 वर्षांत आम्ही कलम 370 रद्द केले, तिहेरी तलाक रद्द केला, राम मंदिर बांधले आणि UCC आणले. बहुमताचा गैरवापर केल्याचा इतिहास आमच्या पक्षाला नाही. इंदिरा गांधींच्या काळात काँग्रेसने बहुमताचा गैरवापर केला. प्लॅन बी तेव्हाच बनवावा लागेल जेव्हा प्लॅन ए मध्ये ६०% पेक्षा कमी यश मिळण्याची शक्यता असते. मला खात्री आहे की पंतप्रधान मोदी प्रचंड बहुमताने सत्तेवर येतील.

केजरीवाल म्हणाले होते की, तुम्ही मला मत दिल्यास मला तुरुंगात जावे लागणार नाही, त्यांच्या जामिनावर तुम्हाला काय म्हणायचे आहे, जर त्यांनी असे म्हटले असेल तर यापेक्षा मोठा सर्वोच्च न्यायालयाचा अवमान असू शकत नाही. विजय की पराजय या आधारावर सर्वोच्च न्यायालय गुन्ह्याचा निकाल देणार का? सर्वोच्च न्यायालयाच्या निर्णयावर मला भाष्य करायचे नाही; पण ज्या पद्धतीने आप, काही माध्यम समूह आणि बहुतांश पत्रकार हा केजरीवाल यांचा विजय मानत आहेत. मी हे थोडे स्पष्ट करू इच्छितो. ही क्लीन चिट नाही. आरोपपत्र अजूनही सर्वोच्च न्यायालयासमोर आहे, अरविंद केजरीवाल यांच्यावर एवढा विश्वास असता तर त्यांनी सत्र न्यायालयात दाद मागितली असती की, माझ्यावरील आरोप चुकीचे आहेत. कोणत्याही नेत्याचे विधान अलीकडची परिस्थिती लक्षात घेऊन केले जाते. सध्याची परिस्थिती पाहूनच पंतप्रधानांनी हे वक्तव्य केले आहे. तिथेही सरकार बदलणार आहे, असा माझा विश्वास आहे, असे शहा म्हणाले.

ममता बॅनर्जी आणि अभिषेक यांना जीवे मारण्याची धमकी

हावडा : पश्चिम बंगालच्या मुख्यमंत्री आणि टीएमसीच्या प्रमुख ममता बॅनर्जी आणि त्यांचे पुतणे, पक्षाचे सरचिटणीस अभिषेक बॅनर्जी यांना जीवे मारण्याच्या धमक्या आल्या आहेत. पश्चिम बंगालमधील हावडा जिल्ह्यातील उलुबेरिया येथे शुक्रवारी धमकीचे पोस्टर सापडले आहेत. पांढऱ्या कापडाच्या तुकड्यावर हिरव्या शाईने हाताने लिहिलेले पोस्टर उलुबेरियाच्या फुलेश्वर भागातील एका बांधकामाच्या जागेवरून जप्त करण्यात आल्याची माहिती पोलिसांनी दिली. याठिकाणी लोकसभा निवडणुकीसाठी २० मे रोजी मतदान होणार आहे.

मुख्यमंत्री ममता बॅनर्जी आणि अभिषेक बॅनर्जी यांना गाडीने धडक देऊन ठार करीन. यानंतर सर्वजण दिवे लावतील. माझ्याकडे एक गुप्त पत्र आहे, असे असे बंगाली भाषेत पोस्टरवर लिहिलेले आहे. दरम्यान, विटांच्या ढिगाऱ्यावर पोस्टर लटकलेले आढळले. पीटीआयच्या वृत्तानुसार, पोलीस अधिकाऱ्याने सांगितले की, गुप्त पत्राचा अर्थ काय आहे, हे अद्याप स्पष्ट झालेले नाही. हा एक खोडसळपणा असू शकतो.

चालकाला लागली डुलकी प्रवशांच्या पथ्थ्यावर

बस धावत्या ट्रकला धडकली; ७ ठार

वृत्तसंस्था
■ भरतपूर

राजस्थानमधील भरतपूरमध्ये बस आणि ट्रकचा भीषण अपघात झाला आहे. यात ७ जणांचा मृत्यू झाला असून मृतांमध्ये ४ महिलांचा समावेश आहे. तर ८ जण जखमी झालेत. जखमींना रुग्णालयात दाखल करण्यात आले आहे. अपघातानंतर चालक घटनास्थळावरून फरार झालाय. भरतपूरमधील आग्रा- जयपूर महामार्गावर युपी रोडवेजची बस आणि ट्रकचा अपघात झाला. याप्रकरणी डीएसपी धर्मेंद्र कुमार यांनी सांगितले की, हलैना बसस्थानकाजवळ यूपी राज्यातील क्रमांकाच्या बस पुढे धावणाऱ्या ट्रकला धडकली.

या अपघातात ४ जणांचा जागीच मृत्यू झाला तर १२ जण जखमी झाले होते. या जखमींना रुग्णालयात दाखल केल्यानंतर डॉक्टरांनी आणखी तीन जखमींना मृत घोषित केलं. सध्या ८ जणांवर उपचार सुरू आहेत. मृतांमध्ये नव्याने तीन जणांचा समावेश झाल्याने मृतांचा आकडा ७ वर पोहोचलाय. यात ४ महिलांचा समावेश आहे. बस चालकांच्या चुकीमुळे हा अपघात झाल्याची माहिती डीएसपी धर्मेंद्र कुमार यांनी दिली.

दरम्यान अपघातानंतर चालक घटनास्थळावरून पळून गेलाय. एकतर बस चालक मद्यधुंद अवस्थेत होता किंवा तो झोपी गेला असावा, त्यामुळे हा अपघात झाल्याचं धर्मेंद्र कुमार म्हणाले. अपघातानंतर बस क्रेनच्या सहाय्याने महामार्गावरून हटवण्यात आलीय.

मराठी अक्रॉस मुंबई

सोशल मीडिया न बने तनाव का ठिकाना

इंस्टा स्टोरी पर कमेंट, फेसबुक लाइक, ट्विटर ट्रेंड...सोशल मीडिया की यह दुनिया जाने-अनजाने कई बार हमारी मानसिक सेहत के लिए खतरनाक बन जाती है। कैसे सोशल मीडिया को अपनी मानसिक सेहत पर नकारात्क असर डालने से रोकें

- हर मिनट इंस्टाग्राम पर लगभग 69 हजार फोटो-वीडियो शेयर किए जाते हैं। जबकि लगभग हर दिन कुल 95 मिलियन फोटो-वीडियो शेयर होते हैं।
- 4.3 मिलियन गूगल सर्च हर मिनट होती हैं।
- लगभग 9 मिलियन मैसेज हर मिनट फेसबुक पर भेजे जाते हैं, जबकि 34 मिनट औसतन एक यूजर हर रोज फेसबुक पर बिताता है।

हम भी इस जमात का हिस्सा है। दीदी की शादी हो या फिर गर्मी की छुट्टियों की ट्रिप। बिजनेस की शुरुआत हो या समाजिक सरोकार। मौका चाहे जो भी हो, हम एक-दो पोज या पोस्ट सिर्फ इसलिए देते हैं, ताकि सोशल मीडिया में डाल सकें। हमारे सुख-दुख का अहम हिस्सा बन चुकी है, यह वर्चुअल दुनिया, जो सुबह की पहली किरण से लेकर देर रात बिस्तर पर जाने तक हमसे जुड़ी रहती है। इसे हम यादों की डायरी कहें तो भी गलत नहीं होगा। पर, कई बार हमें गुदगुदाने, जानकार बनाने और लोगों से जोड़ने वाली सोशल मीडिया हम पर और हमारी मानसिक शांति पर हावी होने लग जाती है। इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारे स्वभाव और गतिविधियों पर झलकने लग जाते हैं। जिसे काफी हद तक कम करना हमारे हाथ में है। अब आप सोच रही होंगी भला वो कैसे? वो ऐसे कि जब हम इसका प्रयोग सकारात्मक तरीके और सोच के साथ करेंगे तो उसके परिणाम भी सकारात्मक ही मिल पाएंगे। जिसके लिए हमें इसके प्रयोग का मूल्यांकन करना होगा, ताकि इस उलझन को सुलझाया जा सके। हमें अपनी सोच और सोशल मीडिया के प्रयोग में कुछ बदलाव करने होंगे, ताकि आप और आपका मन दोनों ही शांत रह सकें।

न रखें कोई मलाल

यकीनन सोशल मीडिया की दुनिया में नंबर मायने रखते हैं, फिर चाहे वह दोस्तों की संख्या हो या फिर लाइक्स और कॉमेंट्स की। पर, इसका मतलब यह भी नहीं कि इनको आपकी शांति को छीनने की इजाजत मिल जाती है । आप उन दोस्तों, सेलिब्रिटीज या परिचित को बेधड़क अनफॉलो कर सकती हैं, जो आपकी मानसिक शांति में जाने -अनजाने खलल डाल रहे हों। नकली दोस्तों, जिन्होंने कभी आपके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया उनसे दूरी बना लेने में कोई बुराई नहीं है। ऐसे तमाम लोगों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अनफॉलो कर दीजिए, जिनके पोस्ट देखकर आपको गुस्सा, चिढ़, दुख सरीखे नकारात्मक विचार आएं। ध्यान रखिए कि आप सोशल मीडिया में सुखद अनुभवों के लिए हैं। वहां की विषाक्तता, नकारात्मकता की आपकी जिंदगी में कोई जगह नहीं है।

खोजें खुशी

वर्चुअल दुनिया बहुत बड़ी है। आपके पास ढेरों विकल्प मौजूद हैं। जरूरी नहीं सभी आपके लिए सटीक हों। पर हां, आप खुद के लिए अच्छे और पसंदीदा विकल्प चुनकर उसे अपना सकती हैं। जैसे आपको पढ़ना पसंद है तो आप ऐसे ग्रुप्स या लोगों को फॉलो कर सकती हैं, जो पढ़ने-लिखने की बातें व सामग्री साझा करते हों।

पोस्ट करें वो, जो दे खुशी

दो साल पहले दोस्तों के साथ की पुरानी फोटो देखकर चेहरे पर मुस्कान बिखर जाती है। आप कैसा महसूस करेंगी कि पिछले ऑफिस की विदाई पार्टी की फोटो आपको नजर आ जाए? यकीनन पिछली तमाम यादें एक साथ रील की तरह चल जाएंगी। ऐसा तब मुमकिन हो सकता है, जब आप अपने सोशल मीडिया पर अपनी पसंदीदा चीजों को साझा करें। यकीनन आपका ऐसा करना आगे चलकर आपके ऑफ मूड को भी ऑन करने का काम आसानी से कर जाएगा। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता श्रीवास्तव कहती हैं कि अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम सरीखे सोशल मीडिया मंच पर तब अपनी तस्वीरें साझा करें, जब आप वास्तव में खुश हों या फिर ऐसी चीजों को पोस्ट करें जो कि आपके दिल के करीब हों। यह आपकी खुशनुमा यादें बन जाएंगी। हो सकता है इन सब पर ज्यादा लाइक, कॉमेंट न मिलें पर ऐसा कर आप अपनी अच्छी यादों को एक जगह इकट्ठा जरूर कर पाएंगी।

तुलना नहीं है अच्छी

हमेशा से आपने यह बात सुनी होगी कि दो लोगों की तुलना नहीं हो सकती या नहीं करनी चाहिए। यह फॉर्मूला सोशल मीडिया के मामले पर भी लागू कर आप बेहतर और शांतिपूर्ण अनुभव कर पाएंगी। डॉ. स्मिता बताती हैं कि अकसर लोग खुद को वैसा दिखाते हैं, जो वास्तव में नहीं होते। सोशल मीडिया पर यह होने की आशंका ज्यादा होती है। और हम उन्हें सही मानकर उनसे खुद को प्रेरित करते हैं या फिर उस जैसा कुछ हासिल करना चाहते हैं। नतीजा, अकसर दुखी हो जाते हैं।

अवसाद से बचाएगी 150 मिनट की कसरत

दुनिया में लगभग 28 करोड़ लोग अवसाद की चपेट में हैं। इसके कारण वे लोग लंबे अरसे तक निराशा महसूस करते हैं। कुछ अध्ययनों के अनुसार शारीरिक गतिविधि अवसाद का सामना करने में एंटी-डिप्रेसेंट्स दवाओं से ज्यादा असरदार होती है। ब्रिटेन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च में ऐसा ही दावा किया गया है। रिसर्च के मुताबिक, अगर आप एक हफ्ते में 75 मिनट भी टहलती हैं, तो अवसाद का शिकार होने से बच सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक सप्ताह में 150 मिनट कसरत जरूरी है। वहीं, कैंब्रिज के वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे आधा भी समय अगर आप व्यायाम को दें तो शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यायाम शरीर में एंडोर्फिन नाम का केमिकल बनाता है, जो हमें खुशी का एहसास दिलाता है। यह रिसर्च 1 लाख 90 हजार लोगों पर की गई। इसमें भारत, अमेरिका, रूस, मेक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, जापान समेत यूरोपीय देशों के लोग शामिल थे। अध्ययन में शामिल लोगों में 28 हजार डिप्रेशन से जूझ रहे थे।

इस उम्र में होता है स्किन कैंसर का ज्यादा खतरा

दुनिया के ज्यादातर देशों में 50 साल से पहले महिलाओं और उसके बाद पुरुषों में त्वचा के कैंसर के होने का खतरा ज्यादा होता है। एक नए अध्ययन के मुताबिक 2040 तक दुनिया भर में स्किन कैंसर के मरीज दोगुने हो जाएंगे। वहीं, दुनिया में 68% ज्यादा लोग इससे अपनी जान नहीं बचा पाएंगे। इस कैंसर को मेलेनोमा कहते हैं। स्किन कैंसर का हर 5 में से 1 मरीज मेलेनोमा का होता है। जामा डर्मेटोलॉजी मैगजीन में प्रकाशित रिसर्च के अनुसार, कई अफ्रीकी और एशियाई देशों के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया में इस बीमारी के नए मरीजों की संख्या 36 गुना अधिक पाई गई। वहीं, इसने न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा लोगों की जान ली। मेलेनोमा स्किन कैंसर का एक रूप है। यह बीमारी सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से होती है। इस स्थिति में स्किन में काले तिल की तरह दाग होने लगते हैं। धीरे-धीरे इसका आकार बढ़ने लगता है। यह एक प्रकार की आनुवांशिक बीमारी भी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है।

सेहत ही नहीं, चेहरे के लिए भी वरदान है नारियल पानी! फायदे जानकर रह जाएंगे हैरान

लड़कियां इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए केमिकल युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स या महंगे ट्रीटमेंट तक लेने लगती हैं, जिनके साइड इफेक्ट्स तुरंत तो नहीं लेकिन लंबे समय के बाद जरूर दिखने लगते हैं। इन सभी से बचने के लिए नैचुरल तरीके भी अपना सकती हैं। ऐसे में नारियल पानी आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। जी हां, वही, नारियल पानी जिसे आप गर्मी से बचने के लिए स्ट्रॉ लगाकर ताजा-ताजा पीते हैं और बाद में उसकी मलाई का आनंद लेते हैं। सेहत के साथ ही यह चेहरे के लिए भी बहुत अच्छा है। खास बात है कि नारियल पानी हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त है, साथ ही साइड इफेक्ट का खतरा भी ना के बराबर होता है। आइए जान लेते हैं त्वचा के लिए इससे होने वाले फायदों के बारे में.

डार्क सर्कल- चेहरे पर होने वाली डार्क सर्कल की समस्या को नारियल का पानी आसानी से दूर कर देता है। नारियल के पानी में कॉटन को डुबोकर डार्क सर्कल वाली जगह पर लगाएं। रोज नारियल के पानी के इस्तेमाल से डार्क सर्कल गायब हो जाते हैं और चेहरा साफ निकल आता है।

कील-मुंहासे- गर्मियों में कील-मुंहासों की समस्या आम बात है। ऐसे में नारियल पानी आपकी मदद कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण, जो मुंहासों से राहत दिलाने में मदद करते हैं। साथ ही इसकी क्लींजिंग प्रॉपर्टीज एक्ने पर प्रभावी ढंग से काम करती है। यह एक प्राकृतिक क्लींजर की तरह काम करता है। इसके लिए आप नारियल पानी से चेहरा धो सकते हैं या रूई के गोले में डुबोकर लगा सकते हैं।

टैनिंग- चिलचिलाती धूप में बाहर निकलने के कारण टैनिंग की समस्या हो ही जाती है। ऐसे में झुलसी त्वचा की खोई रंगत और निखार वापस लाने में नारियल पानी काफी असरदार साबित होता है।

दाग-धब्बों - पिंपल्स तो चले जाते हैं लेकिन छोड़ जाते हैं जिद्दी दाग-धब्बे, जो कई बार शर्मिंदगी का कारण भी बन जाते हैं। ऐसे में नारियल पानी अपना कमाल दिखा सकता है। नारियल पानी से चेहरा धोने से दाग-धब्बे हल्के पड़ जाते हैं और चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है।

नैचुरल मॉइश्चराइजर - नारियल पानी में प्राकृतिक मॉइश्चराजिंग गुण होते हैं, जो रूखी और बेजान त्वचा के लिए असरदार हैं। यह त्वचा को नैचुरली हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखता है।

गर्मी में खोई रंगत के लिए - इसमें साइटोकाइन्स पाया जाता है, जो स्किन सेल्स के विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके अलावा यह विटामिन-सी का भी बेहतरीन स्रोत है, जो त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर - नारियल पानी में काइनेटिन पाया जाता है जो उम्र बढ़ने के संकेतों के खिलाफ काम करता है। इससे चेहरा धोने से स्किन हमेशा खिली-खिली और जवां रहती है।

साथी के मन को समझें मजबूत होगा रिश्ता

किसी को अपना बनाने के लिए उसके दिल का हाल समझना और उसके साथ भावनात्मक तौर पर जुड़ना जरूरी होता है। लेकिन ये काम इतना आसान नहीं है। कैसे अपने म साथी से भावनात्मकतौर पर भी जुड़ें

मैं साथ हूं, सिर्फ शारीरिक तौर पर नहीं, बल्कि भावनात्मक तौर पर भी...। रिश्ते में इस एक बात को समझ लेना पति-पत्नी के लिए बहुत जरूरी होता है। और इसे समय-समय पर जताना भी बहुत जरूरी होता है। अगर आप अपने साथी को समझते हैं, तो इस प्यार को अपने व्यवहार से जताएं भी। खुशबू के पति के मामले में कुछ ऐसा ही है। वो खुशबू की बहुत परवाह करते हैं, लेकिन कभी अपने हाव-भाव से जताते ही नहीं कि वो खुशबू के अहसासों को समझते हैं और उसके साथ हैं। जबकि रिश्ते को चलाने के लिए सिर्फ शारीरिक तौर पर ही नहीं, बल्कि मानसिक तौर पर भी साथ में होने का अहसास बहुत जरूरी है। हममें से ज्यादातर लोग यह बात अपनों को समझा ही नहीं पाते हैं। रिश्ते को अगर और मजबूत बनाना है, तो आपको ये काम आज से ही शुरू कर देना चाहिए?आइए जानते हैं कैसे करें यह कामः

> एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होने के नाते आप अपनी सभी जरूरतों, चाहतों, महत्वाकांक्षाओं, इच्छाओं की असुरक्षा या आशंकाओं को साथी से साझा कर सकते हैं। बिना किसी संदेह के एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं। एक-दूसरे के लिए हमेशा मौजूद रहने का अनकहा वायदा जरूरी है। अपने साथी के साथ पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करने जैसी बात अगर आपके रिश्ते में है, तो अवश्य ही आपके रिश्ते में भावनात्मक अंतरंगता है। याद रखें जो रिश्ते भावनात्मक रूप से नहीं जुड़े होते हैं, उनमें अकेलापन होता है और संवाद की कमी भी।

साथी के अहसासों की समझ

अपने साथी की भावनाओं को समझना है, तो सबसे जरूरी है कि वो क्या महसूस कर रहा है, आप इसे समझिए। जब-जब उन पर कोई दिक्कत आए तो उन्हें ये तो दिखेगा कि आप उनके साथ हैं, लेकिन ये नहीं दिखेगा कि आप उनकी बात समझ भी रहे हैं। इसलिए उस वक्त उन्हें ये जरूर जताइए कि आपको सब समझ आ रहा है, जो उनके दिल में चल रहा है। जैसे बॉस की बात को लेकर अगर आपका पार्टनर दुखी महसूस कर रहा है, तो आप उन्हें यकीन दिलाइए कि इतनी मेहनत के बाद बॉस की नाराजगी सुनकर दुख होता है और आप ये बात भलीभांति समझते या समझती हैं। लेकिन मेहनत में हर दिक्कत का हल छुपा है। आपके ये कहने भर से, उनका दुख थोड़ा कम हो जाएगा, और चेहरे पर सुकून झलकने लगेगा।

आप तो कमाल करते हैं

आपको अपने साथी से ये तब-तब बोलना है,जब-जब वो कुछ अच्छा करें। फिर भले ही वो ऐसा हर दिन करती हो या करता हो, लेकिन आप उनकी तारीफ जरूर करें। याद रखिए, अच्छे काम की तारीफ करके प्रोत्साहन देने वाले लोग हमेशा ही अच्छे लगते हैं। ऐसा लगता है कि वो शख्स आपकी भावनाओं और संघर्षों को समझ रहा है। ऐसा ही आप दोनों को एक-दूसरे के लिए समय-समय पर करना है। आपके इस व्यवहार से वो महसूस करेंगे कि आपने उनकी मेहनत और सोच को अहमियत दी है। यह उन्हें आपसे जोड़ेगा।

काम के बारे में जानें

साथी जिस प्रोफेशन में हैं, हो सकता है कि आपको उसके बारे में ज्यादा जानकारी न हो, लेकिन फिर भी उसमें थोड़ी ही सही रुचि जरूर लें। हो सकता है, शुरू में वो आपसे बातें बताने से कतराएं, लेकिन कुछ दिन बाद उन्हें समझ आ जाएगा कि आप सच में उनकी जिंदगी में रुचि रखते हैं। आप सच में उनकी सोच और जीवन की दिक्कतों को समझना चाहते हैं। आखिर में उनको समझ आएगा कि आपके लिए वो बेहद अहम हैं और आप उनकी दिक्कतों को समझने की अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं।

ध्यान सिर्फ उन पर

हो सकता है कई दफा वो आपसे अपने दिल की बात बताते हों, लेकिन आप अकसर अपने कामों में ही व्यस्त रहते हों। जैसे वो जब-जब आपसे दिल की बात कहते हों, आप मोबाइल फोन में व्यस्त रहती हों। ऐसे में वो बात तो कह देंगे, लेकिन आपसे भावनात्मक रूप से जुड़ नहीं पाएंगे। हो सकता है कि एक समय के बाद आपको दिल की बात कहें भी न। एक-दूसरे से बात करते वक्त पूरा ध्यान सिर्फ बातचीत पर रखने की कोशिश करें।

हमेशा सिर्फ बुराई नहीं

एक-दूसरे की कमियां बताकर सुधारने की कोशिश करना ठीक है। पर, हमेशा यही करना ठीक नहीं है। साथी के करीब जाने और भावनात्मक रूप से जुड़ने के लिए जरूरी है कि वो जैसे हैं, उन्हें वैसे ही स्वीकार करें। उन्हें हमेशा बदलने के बारे में ना सोचें। अपने साथी में हमेशा गलतियां ही निकालेंगे तो धीरे-धीरे वो आपसे दूर होते जाएंगे, फिर भावनात्मक कनेक्शन बनाना कठिन हो जाएगा।

भला-बुरा ऐसा कि दिल टूट जाए

आप लोगों की लड़ाई होती है, तो आप दोनों अकसर एक-दूसरे को खूब बुरा-भला कह देते हैं? या फिर लड़ाई खत्म करने की कोशिश में कम-से-कम बात कहकर मामला निपटा देते हैं? अगर आप खूब बुरा-भला कहते हैं, तो याद रखिए, वो आपसे भावनात्मक रूप से कभी नहीं जुड़ पाएंगे। जब-जब वो आपसे कुछ साझा करना चाहेंगे, तब-तब उन्हें यही सारी बातें याद आएंगी।

चावल-दाल की जोड़ी को क्यों मानते हैं सुपरहिट

चावल-दाल की जोड़ी को सबसे बेस्ट माना जाता है। आप अगर जल्दी-बाजी में हैं और ठीक से खाना खाने का टाइम नहीं है, तो चावल-दाल सबसे Healthy and Hurry (स्वस्थ और जल्दी) फूड माना जाता है। इतना ही नहीं, बच्चों की ग्रोथ के लिए भी हेल्थ एक्सपर्ट्स चावल-दाल खिलाने की सलाह देते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि दाल प्रोटीन से भरी होती है, ऐसे में दाल बच्चों की ग्रोथ के लिए बहुत जरूरी है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि चावल-दाल को इतना पौष्टिक खाना क्यों माना जाता है? आइए, जानते हैं इसके कुछ फैक्ट्स-

चावल-दाल खाने से वेट लॉस

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक वजन कम करने की कोशिश करने वालों के लिए यह कॉम्बो एक मैजिक की तरह है। अगर कोई दाल चावल को रात के खाने के लिए चार सप्ताह तक सामान्य मात्रा में सेवन करता है, तो एक महीने के भीतर बदलाव देखा जा सकता है। इसके लिए आपको दाल ज्यादा मात्रा में खानी है और चावल कम खाना है। आप अगर वेट लॉस के मकसद से चावल-दाल खा रहे हैं, तो ब्राउन राइस भी खा सकते हैं।

दोनों के पोषक तत्व

दाल में सभी जरूरी प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, कैल्शियम और कार्ब्स होते हैं, जो चावल, पेट के अनुकूल अनाज के साथ अच्छी तरह से चलते हैं। इस कॉम्बो में घी मिलाने से यह एक संतुलित आहार बन जाएगा क्योंकि शुद्ध घी में विटामिन ए, डी, ई और के होता है जो विकास के लिए अच्छा होता है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में लगी आग, बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग

नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. इसके बाद सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया. यह विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था. सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी.

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, "बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं. इसके बाद विमान को वापस उतारने का फैसला किया गया और शनिवार रात विमान बेंगलुरु हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा. ग्राउंड सर्विसेज ने भी आग की सूचना दी थी. विमान को खाली कराया गया."

उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया और किसी को चोट नहीं आई है. एयरलाइंस यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था कर रही है. प्रवक्ता ने कहा कि नियामक के साथ मिलकर घटना की पूरी जांच की जाएगी

चारधाम यात्रा : राज्य सरकार के एक्शन का असर, नियंत्रण में आ रही है श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

देहरादून

उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2024 को शुरू हुए एक हफ्ता हो गया है. इस साल अभी तक मात्र एक हफ्ते में पिछले साल के मुकाबले दोगुनी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा में दर्शन करने आ रहे हैं. जिसके कारण चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. हालांकि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है. श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ को नियंत्रण में करने के लिए राज्य सरकार द्वारा काफी कदम उठाए जा रहे हैं. जैसे बिना रजिस्ट्रेशन के यात्रियों को चारों धाम यात्रा नहीं करने दी जा रही है. इसके अलावा हर जगह चेकिंग कर रजिस्ट्रेशन, ट्रिप कार्ड , ग्रीन कार्ड को चेक किया जा रहा है. इन एक्शन का असर देखने को मिल रहा है और श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ पर नियंत्रण पाया जा रहा है.

मुख्यमंत्री धामी ने ग्राउंड पर जाकर चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया हैं. इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की समस्याओं को सुना, साथ ही तमाम अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए. मुख्यमंत्री धामी ने आईपीएस अधिकारी आईजी अरुण मोहन जोशी को यमुनोत्री गंगोत्री धाम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है. चारधाम यात्रा इस बार अत्यधिक भीड़ के कारण पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण बनी हुई है. ऐसे में व्यवस्थाएं सुचारु बनाए रखना आसान नहीं है. इन्हीं अव्यवस्थाओं को व्यवस्थित करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईजी अरुण मोहन जोशी को जिम्मा दिया है.

चारों धामों में अब तक लगभग 30 लाख के करीब यात्रियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है. फिलहाल भीड़ को देखते हुए 19 मई तक ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लग रखी है. देहरादून के एडीएम रामजी शरण ने जानकारी दी की यात्रा अभी ठीक चल रही है यात्रियों के लिए सभी तरह की व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा यात्रा अभी स्मूथ चल रही है , यात्रा में यात्री बिना रजिस्ट्रेशन, के ना आए और इसके साथ ट्रिप कार्ड, ग्रीन कार्ड भी होना चाहिए. बद्रीनाथ में अब तक 92 हज़ार 473 702 यात्रियों ने और केदारनाथ अबतक 2 लाख 15 हज़ार 930 यात्रियों ने दर्शन किए हैं. यमनोत्री में अबतक 1 लाख 11 हज़ार 473 यात्रियों ने दर्शन किए है. गंगोत्री में अबतक 1 लाख 1 हज़ार 441 यात्रियों ने दर्शन किए.

तमिलनाडु में भारी बारिश, कन्याकुमारी में बांधों की हो रही निगरानी

चेन्नई

दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं. इस बीच

कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है. अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है. कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने आईएएनएस को बताया, "यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है."

सत्यकुमार ने लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की है. इसके अलावा उन्होंने बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा है. उन्होंने कहा कि लोग बिजली गुल होने की सूचना तत्काल स्थानीय बिजली दफ्तर को दें और अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं को भी सूचित करें.

कन्याकुमारी जिले के नौ बांधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. अगर इन बांधों में पानी का प्रवाह ज्यादा हुआ तो कुछ बांधों के गेट खोल दिए जाएंगे. मौसम विभाग ने लोगों से कहा है कि विभाग की ओर से वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में दिये जा रहे सलाहों का पालन करें.

स्वाति मालीवाल से बदसलूकी का मामला : दिल्ली पुलिस का बड़ा दावा, घटना का CCTV फुटेज गायब

नई दिल्ली

स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले में दिल्ली पुलिस ने दावा किया है. पुलिस के अनुसार, अभी तक की जांच में पता चला है कि स्वाति मालीवाल के साथ जब यह घटना हुई, उस दौरान के सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है. दिल्ली पुलिस ने यह भी दावा किया है कि सीएम हाउज के सीसीटीवी का डीएमआर नहीं दिया गया है. साथ ही घटना के वक्त का सीसीटीवी भी गायब है. पुलिस रिमांड नोट में ये सब खुलासे किए गए हैं.

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रदर्शन को लेकर कहा है कि आम आदमी पार्टी ने पुलिस से कोई परमिशन नहीं मांगी है. दिल्ली पुलिस का कहना है कि इसके बाद भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी किसी तरह का प्रदर्शन करती है तो उन्हें आम आदमी पार्टी के दफ्तर से आगे नहीं जाने दिया जाएगा.

बता दें, पुलिस ने बिभव कुमार को शनिवार को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के सामने पेश किया था, जिन्होंने कुमार को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया. पुलिस की ओर से पेश वकील ने मामले में कुमार से पूछताछ करने के लिए उनकी सात दिन की हिरासत का अनुरोध किया था.

आरोप है कि केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल के साथ मारपीट की थी. हालांकि, इस पर अदालत के विस्तृत आदेश का इंतजार है.

पुलिस ने बिभव पर साक्ष्य नष्ट करने का भी आरोप लगाया है. पुलिस ने शनिवार को अदालत में कहा था कि बिभव ने उन्हें अपने फोन का पासवर्ड भी नहीं दिया था और बताया था कि कुछ खराबी होने के कारण उनके फोन को फॉर्मेट कर दिया गया था. पुलिस ने कहा था कि आरोपी का मोबाइल फोन किसी विशेषज्ञ से खुलवाने के लिए भी उनकी मौजूदगी जरूरी है.

कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड में भारतीयों को फर्जी नौकरी का लालच देने के आरोप में 3 लोग गिरफ्तार

विशाखापत्तनम

पुलिस ने शनिवार को एक साइबर अपराध रैकेट का भंडाफोड़ किया और बेरोजगार युवाओं को कथित तौर पर लुभाने और उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी संचालित साइबर अपराध गिरोहों में भेजने के आरोप में तीन सलाहकार एजेंटों को गिरफ्तार किया है. साइबर अपराध के बारे में बढ़ती जागरूकता के बावजूद, घटनाओं में वृद्धि हो रही है, कई लोग अभी भी इस तरह के घोटालों का शिकार हो रहे हैं. एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इससे निपटने के लिए विशाखापत्तनम पुलिस ने इन आपराधिक गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया है.

उनके प्रयासों से गाजुवाका इलाके से कंसल्टेंसी एजेंटों की गिरफ्तारी हुई, जिसमें मुख्य संदिग्ध चुक्का राजेश (33) भी शामिल था. यह अवैध रैकेट तब सामने आया जब एक पूर्व नौसेना कर्मचारी बोत्चा शंकर ने 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज की. शंकर की शिकायत एक पीड़ित के विवरण पर आधारित थी जो भागने में सफल रहा था.

शिकायत के बाद, विशाखापत्तनम पुलिस ने सरगना चुक्का राजेश और उसके सहयोगियों, सब्बावरपु कोंडाला राव और मन्नेना ज्ञानेश्वर राव, दोनों को गजुवाका क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस जांच में एजेंटों के एक जटिल नेटवर्क का पता चला, जिसमें संतोष, आर्य, उमामहेश और हबीब शामिल थे.

विशाखापत्तनम के पुलिस आयुक्त रविशंकर अय्यनार ने एएनआई को बताया कि उन्हें संदेह है कि कोलकाता के अलावा आंध्र प्रदेश, विशेष रूप से श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, पलासा, राजमुंदरी, तुनी, अमलापुरम और अनंतपुर में 5,000 से अधिक पीड़ित हो सकते हैं.

उन्होंने कहा कि वो कंबोडिया में भारतीय दूतावास के साथ जांच विवरण साझा कर रहे हैं और पीड़ितों के माता-पिता से उनसे और कंबोडिया में भारतीय दूतावास से संपर्क करने की अपील की है. तीन स्थानीय एजेंटों के खिलाफ मानव तस्करी, जबरन वसूली, गलत तरीके से कारावास और आपराधिक साजिश के तहत मामले दर्ज किए गए हैं.

रविशंकर ने आगे कहा कि कंबोडिया में भारतीय एजेंट डेटा एंट्री जॉब के नाम पर साइबर अपराध के लिए लोगों की व्यवस्था करने के लिए स्थानीय एजेंटों को बुलाते थे. उन्होंने बताया कि स्थानीय एजेंटों ने प्रत्येक नौकरी के इच्छुक व्यक्ति से 1.50 लाख रुपये एकत्र किए, जिसमें से उन्होंने पासपोर्ट, वीजा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए कंबोडियन एजेंटों को 80,000 रुपये भेजे और बाकी अपने कमीशन के रूप में रख लिए.

कंबोडिया पहुंचने पर, इन युवाओं को गुलामों के रूप में बंद कर दिया गया और साइबर अपराध नेटवर्क में काम करने के लिए मजबूर किया गया. जब तक वो ऐसा करने के लिए तैयार नहीं होते, तब तक उनका भोजन आदि बंद कर दिया गया. एजेंट उन्हें अलग-अलग तरह से ऑनलाइन धोखाधड़ी करना सिखाते, जिसके जरिए उन्होंने निर्दोष लोगों से उनकी मेहनत की कमाई छीनी है.

उन्होंने कहा, "कूरियर घोटाले, क्रिप्टोकरेंसी घोटाले, टास्क गेम और ओटीपी धोखाधड़ी उनके द्वारा किए गए कुछ अपराध हैं." अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो वर्षों में आंध्र प्रदेश के लगभग 5,000 लोग इस घोटाले का शिकार हुए हैं. उन्होंने बताया कि पीड़ित पर्यटक वीजा पर कंबोडिया गए थे, जिन्हें चीनी कंपनियों में शामिल होने के बाद बिजनेस वीजा में बदल दिया गया था.

PM मोदी को पता चल गया कि लोकसभा चुनाव के बाद उनका ''बाय-बाय'' होने जा रहा है : राहुल गांधी

नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री को यह पता चल गया है कि लोकसभा चुनाव में उनका "बाय-बाय" होने जा रहा है. उन्होंने यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी को सीधी बहस की चुनौती दी और यह भी कहा कि मोदी उनके साथ कभी बहस नहीं कर सकेंगे क्योंकि उनसे 'अग्निपथ' योजना, चीन के अतिक्रमण, कोरोना संकट के बारे में सवाल किए जाएंगे.

राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जीत हासिल करेंगे.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इस चुनाव में एक साथ आए हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य संविधान को बचाने का है.

राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा के कई नेताओं ने खुलकर कहा है कि उन्हें मौका मिलेगा तो संविधान को बदल देंगे.

राहुल गांधी ने कहा, 'मैं छोटे व्यापारियों से पूछना चाहता हूं कि नरेन्द्र मोदी ने 10 साल में आपके लिए क्या किया है? चांदनी चौक दिल्ली के व्यापारियों के लिए क्या काम किया है?

उन्होंने कहा कि नोटबंदी से छोटे व्यापारियों का नुकसान हुआ, हजारों कारोबार बंद हो गए तथा गलत ढंग से जीएसटी लागू गई जिसके कारण भी बहुत बड़ा नुकसान हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे और सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है.

राहुल गांधी ने दावा किया की देशभक्ति के प्रतीक लाल किले का भी ठेका किसी को दे दिया गया.

उन्होंने कहा, 'दो-तीन बुद्धिजीवी और पत्रकारों ने मुझे चिट्ठी लिखी और मोदी जी को चिट्ठी लिखी. उन्होंने कहा कि मोदी जी, लोकतंत्र में बहस होनी चाहिए, आपको राहुल गांधी के साथ बहस करनी चाहिए.'

उनका कहना था, 'मैं बहस के लिए तैयार हूं, नरेन्द्र मोदी कहीं भी, किसी भी समय बहस कर सकते हैं. लेकिन नरेन्द्र मोदी जी मेरे साथ बहस नहीं करेंगे.

राहुल गांधी ने कहा कि जब चुनावी बॉण्ड के बारे में नरेन्द्र मोदी से सवाल किया जाएगा तो वह फंस जाएंगे, तीन काले कानून के बारे में भी सवाल किए जाएंगे.

राहुल गांधी ने कहा कि बहस में मोदी से यह सवाल भी किया जाएगा कि जब कोरोना में लोगों की मौत हो रही थी तो आपने ताली-थाली बजाने के लिए क्यों कहा?

उनके मुताबिक, बहस में प्रधानमंत्री मोदी से चीन के अतिक्रमण और सेना में भर्ती की 'अग्निपथ' योजना के बारे में भी सवाल किए जाएंगे.

राहुल गांधी ने दावा किया इन सब सवालों के चलते नरेन्द्र मोदी के उनके साथ बहस नहीं करेंगे.

राहुल गांधी ने कहा कि एक साथ खड़े होकर 'मेड इन चाइना' का मुकाबला करना है और 'मेड इन इंडिया', ' मेड इन चांदनी चौक ' और 'मेड इन न्यू डेल्ही' बनाना है.

राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है.

उन्होंने हाल ही में कांग्रेस छोड़ने वाले दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग डरपोक हैं, वह चले जाए तो बेहतर है क्योंकि कांग्रेस को बब्बर शेर लोगों की जरूरत है.

मतदान से पहले कश्मीर में दो अलग-अलग जगहों पर आतंकी हमले, एक की मौत

नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव मतदान से दो दिन पहले शनिवार को जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों ने दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया. आतंकियों की गोलीबारी में एक पूर्व सरपंच की मौत हो गई जबकि राजस्थान के एक दंपति घायल हो गए. देश में सात चरणों में होने वाले मैराथन लोकसभा चुनावों के चार चरण पूरे हो चुके हैं और पांचवें चरण के लिए 20 मई को मतदान होना है.

शोपियां जिले के हीरपोरा गांव में पूर्व सरपंच ऐजाज अहमद शेख को गोली मार दी गई. बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया. एक अधिकारी ने बताया, "उन्हें (सरपंच) एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया."

वहीं दूसरी घटना अनंतनाग की है. जानकारी के मुताबिक, दक्षिण कश्मीर में पहलगाम के निकट आतंकवादियों ने एक खुले पर्यटक शिविर पर गोलीबारी की, जिसमें राजस्थान का एक दंपती घायल हो गया. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम पर्यटन रिसॉर्ट के यन्नार में हुई.

कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अनंतनाग के यन्नार में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें जयपुर निवासी महिला फराह और उनके पति तबरेज घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. इलाके की घेराबंदी की गई है."

रक्षा मंत्रालय ने चिनूक हेलीकॉप्टर का मॉडल गायब होने की खबरों को किया खारिज

नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को उन खबरों को खारिज कर दिया कि 2020 में रक्षा प्रदर्शनी (डेफएक्सपो) में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा लगाया गया चिनूक हेलीकॉप्टर का एक मॉडल गायब हो गया. रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए. भारत भूषण बाबू ने कहा कि डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया.

बाबू ने कहा, ''चिनूक बोइंग द्वारा बनाया गया है और डीआरडीओ ने कभी भी लखनऊ में हेलीकॉप्टर का कोई मॉडल नहीं लगाया है. डेफएक्सपो 2020 के आयोजन के दौरान कोई भी उत्पाद या मॉडल गायब नहीं हुआ." डीआरडीओ ने भी इन खबरों को ''भ्रामक" बताया. उसने 'एक्स' पर कहा, ''ऐसी खबर चल रही है कि डीआरडीओ ने डेफएक्सपो 2020 के

दौरान लखनऊ में चिनूक हेलीकॉप्टर मॉडल लगाया था और मॉडल अब गायब है."

अधिकारियों ने कहा कि लखनऊ में वृंदावन योजना क्षेत्र के सेक्टर 20 में एक हेलीकॉप्टर का मॉडल खराब हालत में था और सुरक्षा कर्मियों की सिफारिश के बाद इसे हटा दिया गया क्योंकि जी20 से संबंधित एक कार्यक्रम के वास्ते प्रधानमंत्री की शहर की यात्रा के लिए एक हेलीपैड का निर्माण किया जाना था.

पंजाब-हरियाणा समेत 4 राज्यों में हीटवेव का रेड अलर्ट

नई दिल्ली

देश के कई राज्य इस वक्त तेज गर्मी की चपेट में हैं।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में आज हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में आज हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इसके अलावा उत्तराखंड, गुजरात, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी आज लू चलने की संभावना है। IMD के मुताबिक, इन राज्यों में 5 दिनों तक तेज गर्मी पड़ेगी। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में हीटवेव का असर 23 मई तक रहेगा। IMD ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में दिन के साथ रात भी गर्म होगी। रात का गर्म तापमान सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है, क्योंकि इससे शरीर को ठंडा होने का मौका नहीं मिलता है।

शनिवार को दिल्ली और राजस्थान में तापमान 46 डिग्री पहुंचा। दिल्ली के मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 46.8, नजफगढ़ में 46.7, पीतमपुरा में 46.1 और पूसा में 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राजस्थान के जैसलमेर में तापमान 46.2, बाड़मेर में 46.9, गंगानगर में 46.3 और पिलानी में 46.3 रहा। आने वाले दिनों में यहां तापमान में गिरावट की कोई संभावना नहीं है। उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। तमिलनाडु में शनिवार को ही कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात देखने को मिले थे।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल- प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट

बेंगलुरु

बेंगलुरु की स्पेशल एमपीएमएलए कोर्ट ने सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में JDS सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने शनिवार 18 मई को वारंट जारी किया। इंटरपोल ने भी प्रज्वल के नाम ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

प्रज्वल के पर तीन महिलाओं के उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज हैं। प्रज्वल 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए थे, तब से उनका कोई पता नहीं है। इसी केस में उनके पिता और होलेनरासीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं। हालांकि एचडी रेवन्ना किडनैपिंग केस में जमानत पर हैं।

पूर्व PM एचडी देवगौड़ा ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल को लेकर पहली बार शनिवार (18 मई) को बयान दिया। उन्होंने कहा- प्रज्वल के खिलाफ एक्शन से मुझे आपत्ति नहीं है, लेकिन रेवन्ना पर चल रहे केस उन्हें फंसाने के लिए बनाए गए हैं। देवगौड़ा ने कहा- प्रज्वल विदेश जा चुका है। कुमारस्वामी पहले ही कह चुके हैं कि सरकार कानून के हिसाब से एक्शन ले। इस केस से कई लोग जुड़े हैं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं। लेकिन महिलाओं को न्याय और मुआवजा मिलना चाहिए। एचडी रेवन्ना के केस को लेकर देवगौड़ा ने कहा- लोगों को पता होना चाहिए कि रेवन्ना के खिलाफ लगे केस कैसे बनाए गए हैं। एक केस में उन्हें बेल मिल गई है। एक केस में कल सुनवाई होनी है।

अक्रॉस मुंबई यह सप्ताहिक स्वामी संजय तेजसिंग खिमेसरा के लिए मुद्रक, प्रकाशक- संजय मंगेश भैरे द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. ४, अमिन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड-२, नियर जवाहर नगर, फाटक ब्रीज, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- ४०० ०६३ से मुद्रित और राजेंद्र पार्क, बिल्डिंग नं. २/२०, चौथा माला, स्टेशन रोड, गोरेगांव (प.) मुंबई -४००१०४ यहां प्रकाशित किया। संपादक - संजय मंगेश भैरे फोन : ०२२-४९७१९९३२ ईमेल: sanjay.bhaire@gmail.com RNI NO: MA HBIL/2016/68485